# आयुक्त, पार्षद, जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी का संयुक्त निरीक्षण

**भिलाईनगर।** वैशाली नगर जोन क्रं. 02 क्षेत्र में बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसको रोकने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, वार्ड पार्षद, जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी को लेकर ऐसे जगहो पर जाकर निरीक्षण किए। जहां से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इसकी शुरूवात सुपेला गदा चौंक पर स्थित बड़े नाले का निरीक्षण करने से ज्ञात हुआ कि उस पर अवैध कब्जा करके उसे रोक दिया गया है। पानी निकासी का रास्ता आगे जाकर बंद हो गया है। थोड़ा भी बरसात होता है, तो गदा चौंक से वैशाली नगर, अवंती बाई चौंक, सुपेला बाजार इंदिरा नगर क्षेत्र में जल भराव हो जाता है। वहां पर गैंग लगाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। एम.आई.सी सदस्य केशव चौबे, पार्षद महेश वर्मा, अभिषेक मिश्रा संयुक्त रूप से गदा चौंक से मुरम खदान बस्ती क्षेत्र में निरीक्षण करने पर पता चला कि बड़े नाले के उपर अबदुल कलाम खान, नूर पोल्ट्री फार्म के द्वारा अवैध निर्माण कर लिया गया है। जिसके कारण पानी का निकासी आगे नहीं हो पा रहा है। उन्हे स्वयं से अवैध कब्जा हटाने के लिए 3 दिवस का नोटिस दिया गया है। नहीं हटाने पर निगम द्वारा नियमानुसार तोड़फोड़ की कार्यवाही की जावेगी। कुछ लोगो के अवैध कब्जे से नाले का पुरा पानी जाम हो जाता है। इसी प्रकार वार्ड 14 शांति नगर के निचली बस्ती इंदू आई. टी.आई का निरीक्षण भीगते पानी में किया गया। नाले के उपर गिरकर फस जाने के कारण पानी में रूकावट हो गया था, उसे तत्काल हटवाया गया। जो भी नाले के उपर अवैध कब्जे है, जहां से पानी जमा होने की संभावना है, उन सभी जगहो को साफ कराने के लिए आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया। यह बात का भी ध्यान रखा जाए, जो भी मलवा निकले उसे तुरंत वहां से हटाया जाए। नहीं तो वहीं मलवा बरसात होते ही नाली में जाकर जाम कर देता है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा, अभियंता अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा अपने क्षेत्र के सफाई दल के साथ उपस्थित रहे।

